**2024**

# HINDI

Paper : SEC0318203

## अनुवाद-कला और व्यावहारिक अनुवाद के विविध आयाम

*Full Marks* : 45

Time : 2 hrs

***The figures in the margin indicate full marks for the questions***

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×5=5

   क) अनुवाद का मूल अर्थ क्या है ?

   ख) 'अनुस्मारक' का अंग्रेजी अनुवाद क्या है ?

   ग) अधिसूचना में सम्बोधन या अधोलेख होते हैं या नहीं ?

   घ) कार्यालय आदेश किस तरह का पत्र होता है ?

   ङ) अनुवादक के किसी एक दोष का उल्लेख कीजिए ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए: 2×5=10

   क) अनुवाद की एक बहुप्रचलित परिभाषा लिखिए।

   ख) शब्दानुवाद से आप क्या समझते हैं स्पष्ट कीजिए।

   ग) भावानुवाद किसे कहते हैं ?

   घ) 'स्रोत भाषा' और 'लक्ष्य भाषा' से आप क्या समझते हैं ?

   ङ) कार्यालयीय पत्र को और किन नामों से जाना जाता है ?

   च) शब्दानुवाद और भावानुवाद के किन्हीं दो अंतर लिखिए।

   छ) उपन्यास के अनुवाद की दो विशेषताएं लिखिए।

   ज) निम्नलिखित शब्दों का अंग्रेजी अनुवाद लिखिए :

      विधानसभा, प्रयोगशाला

   झ) निम्नलिखित शब्दों का हिन्दी अनुवाद लिखिए :

      'Gazetted Officer', 'Ad hoc-committee'

   ञ) ज्ञापन का प्रयोग किसलिए किया जाता है ?

Contd.

3. निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 5×4=20

क) आदर्श अनुवाद के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

ख) अच्छे अनुवादक के गुणों को स्पष्ट कीजिए।

ग) परिपत्र की एक रूपेरखा प्रस्तुत कीजिए।

घ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : "We must have our language ..... but English must continue to be most important language in India .... why ? Well, English today is far more important in the world than it was when British came here. It is undoubtely today the nearest approach to an international language."

ङ) अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : 'इंटरनेट सूचना बैंक है। सूचना के स्तर पर इसने सम्पूर्ण धरती को खगोलीय ग्राम में तब्दील कर एक छत और छाते के नीचे खड़ा कर दिया है। कुल मिलाकर सूचना प्रोद्योगिकी का यह अंतहीन संभावनाओं तथा उपयोगिता वाला क्षेत्र है।'

च) निबंध के अनुवाद संबंधी समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

छ) अनुवाद की उपयोगिता पर अपना मत प्रकट कीचिए।

ज) साहित्य के क्षेत्र में अनुवाद के महत्व का विवेचन कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर दीजिए। 10

क) अनुवाद के सभी प्रकारों का नामोल्लेख करते दुए उनकी अवधारणाओं को स्पष्ट कीजिए ?

ख) अर्द्ध सरकारी पत्र किसे कहते हैं ? अंग्रेजी अनुवाद सहित अर्द्ध सरकारी पत्र की एक रुपरेखा प्रस्तुत कीजिए।

ग) कविता या कहानी का अनुवाद करते समय किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है ?

घ) कथानुवाद के स्वरुप और समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

*******